रेरा ने प्रोजेक्ट और प्रमोटरों की अद्यतन रैंकिंग जारी की

राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना : बिहार रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी ने रेरा से निबंधित प्रोजेक्ट और प्रमोटरों की अद्यतन रैंकिंग जारी की है। रैंकिंग की शुरुआत रेरा ने पिछले वर्ष की थी जब पहली बार सूची जारी की गई। उक्त सूची 15 अप्रैल, 2024 तक की तिमाही में प्रमोटरों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर जारी की गई थी। अद्यतन रैंकिंग सूची 15 अक्टूबर, 2024 तक उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है। विभिन्न राज्यों में स्थापित प्राधिकारों में रेरा बिहार इस तरह की रैंकिंग देने वाला पहला प्राधिकरण है।

बिहार रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोर्सेट (बीआरक्यू) परियोजनाओं की रैंकिंग निर्माण गति, एकत्र किए गए धन के उपयोग और परियोजना के खिलाफ दर्ज शिकायत मामलों से संबंधित मापदंडों पर आधारित है। प्रमोटरों की रैंकिंग जिसे बिहार रेरा प्रमोटर्स कोर्सेट (बीपीक्यू) कहा जाता है, प्रमोटर के अनुभव, निबंधित परियोजनाओं की संख्या, परियोजनाओं के कार्यों का समयबद्ध पूरा होना, और दर्ज मामलों से संबंधित मापदंडों के आधार पर की जाती है। अद्यतन रैंकिंग में बीआरक्यू के अनुसार, शीर्ष पंद्रह परियोजनाओं के नाम एवं बीपीक्यू के अनुसार शीर्ष पंद्रह प्रमोटरों के नाम नई सूची में शामिल किए गए हैं। बीपीक्यू के संबंध में अपनी रैंकिंग में सुधार करने वाले शीर्ष तीन प्रमोटर हैं घर आंगन डेवलपर्स, क्रिएस्टेट्स इंफ्रास्ट्रक्चर एवं एरोमो डेवलपर्स। इसी तरह, बीआरक्यू के मामले में, रैंकिंग में सुधार वाली शीर्ष तीन परियोजनाएं हैं लीलारवी एन्क्लेव, पिंक वाटिका होम्स और रघु रेजीडेंसी। बिहार रेरा अध्यक्ष ने अद्यतन रैंकिंग जारी करते हुए कहा कि यह रैंकिंग संभावित घर, भूखंड खरीदारों के लिए एक तरह की मार्गदर्शिका है, जो किसी भी रियल एस्टेट उद्देश्य परियोजना में अपना पैसा निवेश करने से पहले प्रमोटर या परियोजना के प्रदर्शन की जांच कर सकते हैं।

रेरा की पहल

- पिछले साल जुलाई से प्रभावी है रैंकिंग व्यवस्था, यह तीसरी रैंकिंग
- राज्यों में स्थापित प्राधिकारों में रेरा बिहार इस तरह की रैंकिंग देने वाला पहला प्राधिकरण है

नवीनतम बीआरक्यू के अनुसार, शीर्ष पंद्रह परियोजनाओं के नाम

रैंक एक, एसकेआरईपीएल, दो राधे कृष्ण कांप्लेक्स, तीन श्री गणेश सरस्वती एन्वलेव, चार अस्थानु मेट्रो टावर, पांच शकुंतलम, छह जगन्नाथ एन्वलेव, सात तबस्सुम रेजीडेंसी, आठ किरण रेजीडेंसी, नौ आरवी एन्वलेव, 10 बैकुंठ इंप्रेशन टावर, 11 अंबर अजय पैलेस, 12 होप रायल पाम्स, 13 संरचना हाइट्स, 14 श्री कृष्णा पैलेस एवं 15 जहाजी पैलेस।

नवीनतम बीपीक्यू के अनुसार, शीर्ष पंद्रह प्रमोटरों के नाम : एम्बिशन होम्स, आदित्य निवास डेवेलपर्स, अजल्फा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन, जय श्री श्याम होम्स, कुमार बिल्डकान, अंचिता डेवेलपर्स, महादेव डेवेलपर्स, आर्या प्रापर्टीज, ऐक्या एन्जिकोंस, आकांक्षा एस्टेट्स, अक्षत धृति कंस्ट्रक्शन, अमर ज्योति डेवेलपर्स, आनंद ट्रेव्लिंग, अनूप कुमार भालोटिया और अपना आशियाना बिल्डकान।